हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 07 अक्तूबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पांच भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिए जाने को मंज़ूरी दी है। इनमें पाली, प्राकृत, असमी, बंगाली और मराठी भाषाएं शामिल हैं। भारतीय भाषा समिति के अध्यक्ष चामू कृष्ण शास्त्री ने आकाशवाणी को बताया कि सरकार का यह निर्णय ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से युवाओं के लिए इन भाषाओं के साहित्य को समझना आसान होगा।

****

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की उद्यम निधि के लिए एक हजार करोड़ रुपये रखे गए हैं।नई दिल्ली में मोदी सरकार तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिनों की महत्वपूर्ण उपलब्धियों के बारे में बोलते हुए उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में देश में अंतरिक्ष स्टार्ट-अप की संख्या एक लाख, 50 हजार से अधिक हो गई है। इसके साथ ही भारत इस क्षेत्र में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने यह भी बताया कि अंतरिक्ष क्षेत्र ने बहुत कम समय में केवल एक अंक से 200 से अधिक तक की छलांग लगाई है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बताया कि नरेंद्र मोदी सरकार की ओर से अंतरिक्ष क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के प्रावधान की अनुमति की नई पहल नए उद्यमियों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित हुई है।

****

हरियाणा में 5 अक्तूबर को हुए विधानसभा आम चुनाव में 67.90 प्रतिशत मतदान हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि मतदान के अंतिम आंकड़ों के अनुसार सिरसा जिले मे सबसे अधिक 75.36 प्रतिशत व फरीदाबाद जिले मे सबसे कम 56.49 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है। इसके अलावा ऐलनाबाद विधानसभा क्षेत्र मे सबसे अधिक 80.61 प्रतिशत मतदान और बड़खल विधानसभा क्षेत्र मे सबसे कम 48.27 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया है।श्री अग्रवाल ने बताया कि अंबाला जिले मे 67.62 प्रतिशत , पंचकूला जिले में 65.23 प्रतिशत, यमुनानगर जिले में 74.20 प्रतिशत, कुरुक्षेत्र जिले में 69.59 प्रतिशत और कैथल जिले में 72.36 प्रतिशत मतदान हुआ जबकि करनाल जिले में 65.67 प्रतिशत, पानीपत जिले में 68.80 प्रतिशत, सोनीपत जिले में 66.08 प्रतिशत, जींद जिले में 72.19 प्रतिशत और फतेहाबाद जिले में 74.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।इसी प्रकार, हिसार जिले में 70.58 प्रतिशत, भिवानी जिले में 70.46 प्रतिशत, चरखी दादरी जिले में 69.58 प्रतिशत, रोहतक जिले में 66.73 प्रतिशत और झज्जर जिले में 65.69 प्रतिशत मतदान हुआ । उन्होंने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में 70.45 प्रतिशत, रेवाड़ी जिले में 67.99 प्रतिशत, गुरुग्राम जिले में 57.96 प्रतिशत, मेवात जिले में 72.81 प्रतिशत और पलवल जिले में 73.89 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ ।श्री पंकज अग्रवाल ने मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण व सफलता से करवाने के लिए चुनाव ड्यूटी में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से प्रदेश में चुनाव शांतिपूर्ण रहा। इसके साथ ही

मतदान करने वाले सभी मतदाताओं को धन्यवाद किया जिन्होंने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर भाग लिया।

****

हरियाणा में विधानसभा चुनाव के लिए 5 अक्तूबर को पड़ी वोटों की गिनती कल होगी।हमारे संवाददाता अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया है कि सभी 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 90 मतगणना केंद्र बनाए गए हैं।यह मतगणना केंद्र सभी 22 जिलों में जिला मुख्यालय पर स्थापित किए गए हैं। पंचकूला में मतगणना केंद्रों में कालका और पंचकूला, अंबाला में बने चार मतगणना केंद्रों में नारायणगढ़, अंबाला छावनी, अंबाला शहर और मुलाना सीट के लिए पड़े मतों को गणना होगी, जबकि यमुनानगर में बने मतगणना केंद्रों पर जिले की चार सीटों पर पड़े वोट गिने जाएंगे। इसी तरह प्रत्येक जिला मुख्यालय पर उस जिले की विधानसभा सीटों के लिए बने मतगणना केंद्रों पर विधानसभा क्षेत्र अनुसार मतों की गणना की जाएगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने बताया कि मतगणना के लिए सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। मतगणना केंद्र स्ट्रॉग रूम के साथ ही बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सभी स्ट्रॉग रूम सी सी टी वी की निगरानी में हैं । मतगणना इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को तीन घेरे की सुरक्षा में रखा गया है। हरियाणा पुलिस और अर्ध सैनिक बल स्ट्रॉग रूम की सुरक्षा में तैनात हैं।कल सुबह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को गिनती के लिए मतगणना केंद्रों में रखा जाएगा।